RAPID FIRE करेंट अफेयर्स (13 नवंबर)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-november-13

- **दुनिया का सबसे ऊँचा पुल:** कश्मीर को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने के लिये रेल मंत्रालय द्वारा यहाँ दुनिया का सबसे बड़ा पुल तैयार किया जा रहा है। यह पुल कश्मीर के पर्यटन को बढ़ावा देगा और अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने में भी मददगार साबित होगा। अब तक इस पुल का 82 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और रेल मंत्रालय के अनुसार इस पुल का निर्माण कार्य दिसंबर 2020 तक पूरा कर लिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि इस पुल के तैयार होने के बाद यह दुनिया का सबसे ऊँचा पुल होगा। कश्मीर में चिनाब नदी पर बन रहे इस पुल को 359 मीटर की ऊँचाई पर तैयार किया जा रहा है।
- **महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन:** महाराष्ट्र में करीब तीन हफ्ते की राजनीति के बाद मंगलवार को राष्ट्रपति शासन लागू हो गया और विधानसभा को निलंबित रखा गया है। राष्ट्रपति शासन मंगलवार शाम में लागू हुआ जब राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने केंद्र को एक रिपोर्ट भेजकर कहा कि उनके तमाम प्रयासों के बावजूद वर्तमान स्थिति में एक स्थिर सरकार का गठन असंभव है। ये पहली बार नहीं है जब किसी राज्य में ऐसा हुआ है। इससे पहले 2005 में बिहार में भी कुछ ऐसा ही हुआ था। उस समय कांग्रेस द्वारा बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। तब केंद्र में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी।
- **ब्रिक्स सम्मेलन के लिये रवाना प्रधानमंत्री:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (BRICS Summit) में हिस्सा लेने के लिये मंगलवार को ब्राज़ील रवाना हो गए। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 13-14 नवंबर को ब्राज़ील में आयोजित हो रहा है जिसकी थीम 'नवोन्मेषी भविष्य के लिए आर्थिक वृद्धि' रखी गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री छठी बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत कर रहे हैं। पहली बार उन्होंने वर्ष 2014 में ब्राजील के फोर्टालेजा में शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।
- **कोहली और बुमराह शीर्ष स्थान पर बरकरार:** ICC द्वारा जारी रैंकिंग में भारतीय कप्तान विराट कोहली और तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह ने अपना-अपना स्थान बरकरार रखा है। विराट कोहली नई वनडे रैंकिंग में 895 अंकों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। वहीं भारतीय टीम के तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह गेंदबाज़ों की रैंकिंग में 797 अंकों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। बल्लेबाज़ों की रैंकिंग सूची में दूसरे स्थान पर रोहित शर्मा मौजूद हैं वहीं तीसरे स्थान पर पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम हैं, इसके अलावा फाफ डूप्लेसिस चौथे स्थान पर तथा रॉस टेलर पाँचवें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाज़ों की सूची में दूसरे स्थान पर कीवी गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट 740 अंकों के साथ मौजूद हैं।
- **RTI के दायरे में मुख्य न्यायाधीश:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि मुख्य न्यायाधीश का दफ्तर (CJI office) एक पब्लिक अथॉरिटी है जो कि पारदर्शिता कानून और सूचना अधिकार कानून (RTI) के दायरे में आता है। गौरतलब है कि CJI जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पाँच जजों की संविधान पीठ ने यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि सभी न्यायमूर्ति भी RTI के दायरे में आएंगे। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को सूचना अधिकार कानून की मज़बूती के लिहाज से बड़ा कदम माना जा रहा है।